डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 189 | पेज: 8 | जयपुर,बुधवार, 18 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## खबर संक्षेप

### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने पेश नहीं



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्हें 10 को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार को पेश होने के लिए कहा गया था।

### दवा कंपनी की इकाई में विस्फोट में व्यक्ति की मौत




नागपुर। नागपुर जिले में मंगलवार को एक दवा कंपनी की इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। भीलगांव में 'अंकित पल्प्स एंड बोर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड' की इकाई के 'ग्लास-लाइन्ड रिएक्टर' में विस्फोट हुआ। विस्फोट सुबह करीब 11 बजे हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### एक साथ उठी 4 भाइयों की अर्थी, गांव गमगीन



पाली। तेलंगाना के बसारा में गोदावरी नदी में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने राजस्थान के पाली और नागौर को कभी नहीं भूल सकने वाला गम दिया है। राजस्थान के पाली जिले के तीन सगे भाई, उनका एक मौसेरा भाई और नागौर का एक युवक नदी में डूब गए।मंगलवार को ढाबर गांव में जब 4 भाइयों की एक साथ चिताएं जलीं, तो हर आंख नम थी।

### चर्च सहायक ने 3 लड़कों का किया यौन उत्पीड़न



चेन्नई। यहां के अंबत्तूर इलाके में एक चर्च के फादर के सहायक पर 3 नाबालिग लड़कों के साथ यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी येसुदास को खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में गिरफ्तार भी कर लिया है।

### जातिगत गणना को नकारने वाली कांग्रेस थी पहली पार्टी : भाजपा

# कांग्रेस ने काका कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाए रखा मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं होने दीः सुधांशु

नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि जातिगत जनगणना को नकारने वाली कांग्रेस पहली पार्टी थी और सामाजिक न्याय की पुरोधा बन रही इसी कांग्रेस पार्टी ने ही काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट दबाई थी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जातिगत गणना पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। डॉ त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि अपनी चिरपरिचित शैली, या यूँ कहें कि चिरकुत्सित शैली के अनुरूप, कांग्रेस को अक्सर आवश्यक तथ्य और सच्चाई दिखाई ही नहीं देते।

हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर में सैटेलाइट फिल्मों के माध्यम से पाकिस्तान के एयरबेसों की तबाही स्पष्ट रूप से दिखाई गई, फिर भी कांग्रेस को वह नजर नहीं आई। इससे पूर्व भी, कई अवसरों पर कांग्रेस वास्तविकता को देखने में असमर्थ रही है। जब नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) आया था, तब भी कांग्रेस को उसके नोटिफिकेशन में पर्सेक्यूशन शब्द नजर नहीं आया।


### कांग्रेस ने स्वतंत्र भारत में 1951 में जाति गणना रोकने का निर्णय लिया था



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने स्वतंत्र भारत में 1951 में जातिगत गणना को रोकने का निर्णय लिया था। यही पार्टी है, जिसने काका कालेलकर कमेटी की रिपोर्ट को दबाए रखा और मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं होने दी। अब वही पार्टी आज आकर ऐसे मुद्दों पर बोल रही है और उन्हें वह बातें भी नहीं दिखाई देतीं जो साफ-साफ लिखी हुई हैं। इससे कांग्रेस की राजनीति का असली चेहरा उजागर हो जाता है। डॉ त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक सर्वेक्षण, सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण और जातिगत जनगणना कराना चाह रही है। इसका उद्देश्य सभी जातियों की पहचान, सभी जातियों को सम्मान और सबसे पिछले छोर पर खड़ी जातियों का उत्थान है। इंडी गठबंधन और कांग्रेस की सोच केवल अपने-अपने परिवार का उत्थान और उसके लिए जातियों में घमासान कराने का है। हमारी सोच और उनकी सोच में एक मूलभूत अंतर है, हम सभी जातियों की पहचान, उनका सम्मान और उनके उत्थान के लिए समर्पित हैं, जबकि वे केवल अपने परिवार के उत्थान के लिए सभी वर्गों में घमासान कराने के लिए प्रेरित हैं। इतने लंबे समय तक सरकार में रहने के बाद कम से कम कांग्रेस पार्टी को तकनीकी मुद्दों को समझना चाहिए। जातिगत जनगणना का नोटिफिकेशन केंद्र द्वारा होता है। राज्य जातिगत जनगणना कर ही नहीं सकती, तो वे किस राज्य का नोटिफिकेशन दिखा रहे हैं? राज्य केवल सर्वे कर सकती है। सर्वे को नोटिफाई करने की प्रक्रिया अलग होती है, जिसकी कोई वैधानिक प्रक्रिया नहीं है। वह केवल सरकारी आदेश होता है। जबकि जातिगत जनगणना केंद्र द्वारा की जाती है और उसकी एक वैधानिक प्रक्रिया होती है, जिसके बाद सरकारी आदेश जारी होता है।

### कांग्रेस का दावा | जातिगत जनणना को लेकर सीरियस नहीं है केंद्र की मोदी सरकार, अधिसूचना में स्पष्ट नहीं है उल्लेख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।



कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जातिगत जनगणना को लेकर केंद्र सरकार की मंशा और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार पर इस मुद्दे को टालने और गंभीरता न दिखाने का आरोप लगाया, साथ ही कांग्रेस की जाति जनगणना के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत में खोट है, क्योंकि हाल ही में जारी जनगणना की अधिसूचना में जातिगत जनगणना का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही और इसे जानबूझकर अस्पष्ट रख रही है। पायलट ने कहा कि 2021 में जनगणना स्थगित करने और अब 2027 तक की समय सीमा तय करने से सरकार की मंशा पर संदेह होता है। पायलट ने राहुल गांधी के कथन 'जातिगत जनगणना देश का एक्स-रे है' को दोहराते हुए कहा कि यह केवल जातियों की गिनती नहीं, बल्कि विभिन्न समुदायों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का विश्लेषण करने का उपकरण है। इससे यह पता चलेगा कि कौन सा समुदाय कितना पिछड़ा है, उनकी शिक्षा और रोजगार की स्थिति क्या है, और सरकारी योजनाओं का लाभ कितना मिल रहा है। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए अनिवार्य बताया। उसी के अनुरूप सरकारी योजनाएं बन सकेंगी।

पायलट ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक जातिगत जनगणना की मांग को मजबूती से उठाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के लगातार दबाव और जनता की भावनाओं के कारण ही सरकार को इस दिशा में कदम उठाने पड़े। हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार का मौजूदा रुख अभी भी आधा-अधूरा और गैर-पारदर्शी है। पायलट ने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जातिगत सर्वेक्षण को एक आदर्श उदाहरण बताया। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को तेलंगाना मॉडल को अपनाकर एक वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जातिगत जनगणना करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का सर्वेक्षण सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जुटाने का एक प्रभावी तरीका है।

#### बजट और समय पर भी उठाए सवाल

पायलट ने जनगणना के लिए अपर्याप्त बजट और लंबी समय सीमा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025-26 के लिए केवल 12 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो इस व्यापक प्रक्रिया के लिए नाकाफी है। साथ ही, 2027 तक की समय सीमा को उन्होंने जानबूझकर की गई देरी करार दिया। पायलट ने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से प्रक्रिया शुरू करे और इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए। पायलट ने भाजपा के उन पुराने बयानों का जिक्र किया, जिसमें जातिगत जनगणना को जहर और इसे मांगने वालों को अर्बन नक्सल कहा गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रवैया उनकी सामाजिक न्याय के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह अब भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही और केवल जनता के दबाव में दिखावे के लिए कदम उठा रही है। पायलट ने विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति, और अन्य पिछड़े वर्गों की स्थिति को ध्यान में रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना में इन वर्गों के लिए विशेष डेटा संग्रह जरूरी है, ताकि उनकी स्थिति में सुधार के लिए लक्षित नीतियां बनाई जा सकें। सचिन पायलट ने अपने पत्रकार सम्मेलन में जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का आधार बताते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सरकार की नीयत, अपर्याप्त बजट और लंबी समय सीमा की आलोचना की, साथ ही तेलंगाना मॉडल को अपनाने की मांग की। पायलट ने कांग्रेस की इस मुद्दे पर दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि पार्टी इसे तब तक उठाएगी, जब तक यह पूरी तरह लागू नहीं हो जाता।

### सीएम रेखा गुप्ता का आह्वान

# दिल्ली के लोग अपने घरों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं, मिलेगा भारतीयों को स्वरोजगार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली को विकसित राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आह्वान किया कि दिल्ली के लोग अपने घरों में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए ताकि ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार पैदा हो सके। वे डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित वोकल फॉर लोकल एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता वाला देश है जहां पर दुनिया की हर चीज मौजूद है। भारत की 140 करोड़ जनता जनसंख्या को बोझ न समझ कर उसे अपना ऐसेट समझकर उन्हीं का उपयोग करना शुरू कर दे तो देश की 140 करोड़ जनता अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में जुट जायेगी। विदेशी सामान के खरीदारों की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे स्वदेश के छोटे निर्माताओं को व्यापारी को नुकसान पहुंचता है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की मौजूदगी में समारोह में शामिल सभी व्यापारियों को वोकल फॉर लोकल की शपथ दिलाई। प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री मुनीष बंसल ने मंच का संचालन करते कहा कि हमारा उद्देश्य व्यापारियों और छोटे उद्यमियों की समस्याओं को सरकार के साथ समन्वयन बनाकर हल कराना और उन्हें स्वालंबी बनाना है।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नवीन गर्ग ने वोकल फॉर लोकल मंत्र को सफल बनाने पर जोर दिया। संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल ने कहा कि फिर से भारत को सोने की चिड़िया बनाना होगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश के चेयरमैन नरेश ऐरण ने बताया कि दिल्ली में 27 साल एक ऐसी सरकार बनी जो व्यापारी भाईयों की बात को सुनती है। उन्होंने उम्मीद जताते हुये कहा कि दिल्ली सरकार ने हमारी कुछ मांगों को स्वीकार किया है और उसके परिणाम जल्द सामने आयेंगे।

इस समारोह में स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज, नरेश चंद्र शास्त्री, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव दीपक सिंघल, हरियाणा के स्पोर्टस यूनिवर्सिटी के कुलपति अशोक कुमार और उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता शामिल थे। इनके अलावा राष्ट्रीय पदाधिकारियों में राष्ट्रीय चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग, वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. गोपाल मोर और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जगदीश बेरीवाल भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगश गर्ग, मुकेश कुमार गुप्ता, संजीव मित्तल, दिनेश गर्ग, महावीर गोयल सहित अन्य अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन



## रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155 वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल – क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए, जिससे सदस्यों को हिंदी साहित्य की जानकारी प्राप्त हो। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है।

# पूर्वी दिल्ली स्थित श्रीकृष्ण मंदिर मथुरा के मंदिर की तरह बनाने के लिए करें प्रयास

नई दिल्ली



श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन सम्बन्धी संग्रह से श्रीकृष्ण भवन का संकल्प - शासकीय तुलसीदास हर्षिता छात्रावास, पूर्वी दिल्ली श्रीकृष्ण भवन का मंदिर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की तरह पुनः मथुरा में बनेगा इसके लिए आवश्यकता है निरन्तर प्रयास की'। यह उद्गार शास्त्री सत्यानारायण ने दीपक कुमार जी द्वारा लिखित पुस्तक 'हज़ारों सन्दर्भ' एषणा शोध संग्रह के श्रीकृष्ण के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए 16 जून, 2025 को दिल्ली में कहा। इस कार्यक्रम में लेखक दीपक कुमार ने अपनी पुस्तक के बारे में विशेषता बताते हुए कहा कि उनका अध्ययन मुख्यतः उन पौराणिक हिंदू धार्मिक पुस्तकों में आता है जिसके आधार पर मथुरा एक नव्या शोधकेंद्र बन सकता है। लेखक ने बताया कि उनका अध्ययन श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक अखंड भारत की ऐतिहासिक व्याख्या की कड़ियों को जोड़ता है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन से सम्बन्धित दस्तावेजों का संग्रह उन्होंने पुस्तक में दिया है। लेखक ने विस्तार से बताया कि 1998 से 2003 तक किस प्रकार उन्होंने तत्कालीन भाजपा के कोशाध्यक्ष कृष्णमुरारी गोयल के साथ मिलकर हाथरस में जो संपदा छुपी हुई है उसको निकालने हेतु प्रयास किया था। लेखक ने एक पत्र गुजरात एंटीक्विटी बोर्ड, राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के साथ जो पत्राचार हुआ था वह भी पुस्तक में दी है। इस लोकार्पण के कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पुस्तक को प्रेरणादायक बताया।

### 'नमो भारत' एसी पैसेंजर ट्रेन सहित 150 अन्य पैसेंजर ट्रेनें आएंगी पटरी पर

# अब आम को मिल सकेगा खास होने का अहसास

नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। रेलमंत्री ने कहा, रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक—हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए रेलमंत्री ने अब तक की गई प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियों को बारी बारी से गिनायी। रेलमंत्री ने कहा, 100 नई मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां, पैसेंजर गाड़ियों को अपग्रेड करने के लिए अब 16 और 20 कोच की मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां बनाई जाएंगी। अब तक 8 या 12 कोच की ट्रेन बनती थीं। यह परियोजना तेलंगाना के काजीपेट में शुरू हो रही एक नई फैक्ट्री में क्रियान्वित की जाएगी। इससे शॉर्ट डिस्टेंस ट्रैवल को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया, 50 नई 'नमो भारत' एसी पैसेंजर गाड़ियां चलेंगी। 'नमो भारत' गाड़ियों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अब 50 नई एसी पैसेंजर ट्रेनें जोड़ी जाएंगी। इससे पहले अहमदाबाद-भुज और पटना-जयनगर के बीच दो गाड़ियां शुरू की गई थीं। कुल मिलाकर 150 नई पैसेंजर गाड़ियां सेवा में आएंगी। रेलमंत्री ने जानकारी दिया कि 1200 से अधिक नए जनरल कोच विभिन्न ट्रेनों में जोडे गये हैं ताकि बिना आरक्षित डिब्बों में आमलोगों को और अधिक सहूलियतें दी जा सके।

रेलमंत्री ने जोर देकर बताया कि अब तक 1300 अमृत भारत स्टेशन का काम स्वीकृत किया गया है। इनमें से 103 स्टेशन हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं और प्रधानमंत्री ने बीकानेर से इसका लोकार्पण किया। दिसंबर 2025 तक 100 और स्टेशन तथा वर्ष 2026 तक 500 और स्टेशन पूरे किए जाएंगे।तत्काल टिकट बुकिंग में बॉट्स के दुरुपयोग को रोकने 1 जुलाई से केवल केवाईसी सत्यापित यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। विंडो बुकिंग पर भी आईडी अनिवार्य होगी।

हरियाणा में अब तक रेल परियोजनाएं:

- 823 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं
- 100 फीसदी रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण
- 34 स्टेशनः अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे हैं।
- 540 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए जा चुके हैं।
- सोनीपत के रेलवे कारखाने का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।
- 11 हजार 800 करोड़ का निवेश

# खामेनेई बोले - जंग शुरू, ट्रम्प ने दी खुली धमकी | अब क्या खामेनेई पर गिरेगा 'बंकर बम'?

**ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने ऐलान कर दिया — "हैदर के नाम पर जंग शुरू!"**
**दूसरी ओर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा — "हमें पता है खामेनेई कहां छिपा है।"**
**इजराइली प्रधानमंत्री ने भी बड़ा बयान दे डाला — "खामेनेई की मौत से खत्म हो जाएगी ये जंग!"**

इस बारे में कोई औपचारिक बयान और घोषणा तो नहीं की गई है, लेकिन जिस तरह ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के लोगों से तेहरान खाली करने और इससे कुछ घंटे पहले इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई को मारने से जुड़ा बयान दिया, एक्सपर्ट्स का मानना है कि इजराइल अमेरिका के साथ मिलकर कुछ बड़ा करने जा रहा है। ऐसा होने की 3 संभावनाएं हैं-
ईरान की नतांज परमाणु लैबोरेटरी पर MOPB यानी मैसिव ऑर्डनेंस पेनिट्रेटर बम के जरिए बड़ा हमला करना। MOPB को बोलचाल की भाषा में 'बंकर बस्टर बम' कहा जाता है।
ईरान की फोर्दो परमाणु लैबोरेटरी को इसी MOPB से तबाह करना।
ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के बंकर पर हमला कर उनकी सत्ता खत्म करना, ताकि सत्ता में बदलाव के जरिए ईरान के परमाणु प्रोग्राम को रोका जा सके।
इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ऊपर बताए तीनों या उसमें से कोई एक भी टारगेट ट्रम्प और अमेरिका के बिना पूरा नहीं कर सकते। दरअसल, ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु ठिकाने हों या सुप्रीम कमांडर खामेनेई का ठिकाना, तीनों टारगेट जमीन से 200 फीट से ज्यादा गहरे कॉन्क्रीट के बंकर में हैं।
दुनिया में अकेले अमेरिका के पास ऐसे बम हैं, जो जमीन के भीतर 200 फीट यानी करीब 20 मंजिल इमारत जितनी गहराई में बने कॉन्क्रीट के बंकर तक पहुंचकर उसे तबाह कर दें। यही नहीं, इस बम को टारगेट तक ले जाने और गिराने के लिए जरूरी B2 और B-52 बमवर्षक विमान भी सिर्फ अमेरिका के पास हैं। मतलब अमेरिका ने अपने सबसे करीबी दोस्त इजराइल को भी ये बम और विमान नहीं दिए हैं।

यह तीनों बंकर ईरान की राजधानी तेहरान से 160 से 350 किमी. के दायरे में मौजूद हैं...
1. एक लाख वर्ग मीटर में जमीन के करीब 20 मंजिल नीचे बनी है नतांज लेबोरेटरी
तेहरान से 250 किमी. दक्षिण में बना नतांज न्यूक्लियर प्लांट जमीन के करीब 200 फीट नीचे बना है। इसके दो हिस्से हैं- FEP यानी फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और PFEP यानी पायलट फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट।
FEP पूरी तरह अंडरग्राउंड है, जहां यूरेनियम का 5% तक संवर्धन करने के लिए 11,000 सेंट्रीफ्यूज मशीनें एक्टिव हैं।
PFEP का कुछ हिस्सा अंडरग्राउंड और कुछ जमीन के ऊपर है। इसमें करीब 150 सेंट्रीफ्यूज मशीनें, 60% तक यूरेनियम संवर्धित करती हैं।
अमेरिका और इजराइल का दावा है कि FEP और PFEP की अंडरग्राउंड इमारतों में परमाणु बम बनाने का काम किया जा रहा है और ये प्लांट परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी 90% तक प्योर यूरेनियम बनाने के करीब है। इजराइली हमलों से पूरे प्लांट को नुकसान पहुंचा है। अभी तक कोई रेडिएशन नहीं हुआ है, इसलिए कहा जा रहा है कि प्लांट बम बनाने लायक यूरेनियम बना सकता है।

2. पहाड़ों के अंदर बनी फोर्दो परमाणु लेबोरेटरी
फोर्दो परमाणु लेबोरेटरी ईरान की राजधानी तेहरान से करीब 160 किलोमीटर दूर पहाड़ियों के 80 से 300 फीट अंदर कहीं बनी है।
फोर्दो में करीब 2000 सेंट्रीफ्यूज मशीने एक्टिव हैं। इनमें से कई उन्नत RI-6 सेंट्रीफ्यूज मशीनें हैं, जो यूरेनियम को 60% तक संवर्धित किया जाता है।
इसकी सुरक्षा के लिए रूस का S-300 एयर डिफेंस सिस्टम लगाया गया है। पहाड़ों में होने की वजह से इसे तबाह करना बेहद मुश्किल है।
13 जून को शुरू हुए इजराइली हमलों में फोर्दो प्लांट को नुकसान की खबर नहीं है। यहां से भी कोई रेडिएशन नहीं हुआ है।

3. तेहरान शहर से 343 किमी दूर खामेनेई का बंकर
ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई जिस बंकर में है, वह तेहरान शहर से 343 किमी दूर लाविजान इलाके में बना है।
बंकर में खामेनेई, अपने बेटे मोज्तबा खामेनेई और बाकी परिवार के साथ रह रहे हैं।
15 जून को इजराइल ने अपनी सीमा से 2,300 किमी. दूर पूर्वी ईरान के मशहद एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इसे खामेनेई की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना गया, जिसके बाद उन्हें बंकर में शिफ्ट किया गया।
अप्रैल और अक्टूबर 2024 में जब ईरान ने इजराइल पर एयरस्ट्राइक की थी, तब भी खामेनेई यहीं छिपे थे।
अमेरिका का B2 विमान, चमगादड़ की तरह दिखने वाला बिना टेल यानी पूंछ वाला अत्याधुनिक फाइटर जेट है। ये एक स्टील्थ बॉम्बर है, यानी इसे रडार पर पकड़ना मुश्किल होता है। शीत युद्ध के समय सोवियत रूस के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए अमेरिका ने यह बॉम्बर बनाया था। अमेरिका के पास बीस B2 बॉम्बर फाइटर जेट हैं और उसने अब तक किसी अन्य देश को अब तक एक भी B2 बॉम्बर नहीं बेचा है।
यह इकलौता फाइटर जेट है, जिससे खतरनाक MOPB बम दागा जा सकता है। इस बम को बोइंग ने बनाया है। यह जमीन के 200 फीट अंदर तक जाकर ब्लास्ट कर सकता है, इसलिए इसे 'बंकर बस्टर' भी कहते हैं।
अमेरिका ने इस बम को दक्षिण कोरिया और ईरान को ध्यान में रखते हुए ही डेवलप किया था, ताकि अगर ये देश किसी अंडरग्राउंड बंकर में परमाणु हथियार बनाते हैं तो उसे नष्ट किया जा सके। इसीलिए नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी को तबाह करने के लिए ये सबसे सटीक हथियार है।
अमेरिका ने अपने B-2 बॉम्बर जहाजों का एक तिहाई बेड़ा हिंद महासागर में एक छोटे से द्वीप डिएगो गार्सिया में तैनात कर रखा है। यहां अमेरिका ने एक बड़ा सैन्य अड्डा बनाया है।
अप्रैल 2025 को अमेरिका के 'प्लैनेट लैब्स' ने कुछ सैटेलाइट इमेज जारी की थीं। इनमें दिखाया गया कि हिंद महासागर में ब्रिटेन के अधिकार वाले इलाके डिएगो गार्सिया में कम से कम 6 B-52 बॉम्बर तैनात किए गए हैं।
डिएगो गार्सिया द्वीप ईरान से करीब 4,842 किमी दूर है। जबकि B2 बॉम्बर 11 हजार किमी से ज्यादा दूरी तक सटीक निशाना लगा सकता है। यानी B2 बॉम्बर ईरान पहुंचकर बंकरों पर बम गिरा सकता है और वापस भी आ सकता है। B2 बॉम्बर 50 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ता है और इसे बम गिराने के लिए साफ और खुले आसमान की जरूरत होती है। जिससे निशाना एकदम सटीक बैठे।
B2 बॉम्बर के लिए इजराइल ने पहले ही ईरान का आसमान साफ कर दिया है। 16 जून को इजराइल की सेना ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर आसमान पर कब्जा कर लिया है। इजराइल ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइल सिस्टम को बेहद कमजोर कर दिया है। तभी इजराइल लगातार ईरान पर आसमान से बम बरसा रहा है।
न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर विचार कर रहे हैं कि ईरान की फोर्दो न्यूक्लियर साइट पर हमला किया जाए या नहीं। अगर अमेरिका ऐसा हमला करता है, तो वह सीधे तौर पर ईरान के साथ युद्ध में शामिल हो जाएगा।
विदेश मामलों के जानकार और JNU के रिटायर्ड प्रोफेसर ए. के. पाशा का कहना है, 'अगर B2 बॉम्बर परमाणु लेबोरेटरीज पर हमला करता है, तो न्यूक्लियर रिएक्शन होने का खतरा पैदा हो जाएगा। जहरीली रेडियोएक्टिव किरणें हवा, मिट्टी और पानी में फैल जाएंगी। हालांकि, यह बंकर जमीन से काफी नीचे हैं, ऐसे में रिएक्शन होने की संभावना कम हो जाती है। लेकिन अमेरिका ऐसा रिस्क लेने से बचेगा।'
जबकि 16 जून को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई को निशाना बनाएंगे।

## रॉयल पत्रिका संपादकीय

## फिल्मों को रोकने की आजादी नहीं !

देश में बौद्धिक विमर्श की क्या कोई गुंजाइश है या नहीं? अगर है तो फिर अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विरोध क्या सिर्फ इसलिए होना चाहिए कि उन्होंने कोई ऐसा बयान दिया जो लोगों को पसंद नहीं? मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि विरोध के बजाय इसे बौद्धिक बहस के तौर पर लिया जाना चाहिए था। सेंसर बोर्ड से प्रमाणित होने के बाद भी इस फिल्म के प्रदर्शन को जिस तरह रोका गया, उससे समझा जा सकता है कि विमर्श की कितनी जगह बची है।
सहमति और असहमति के बीच संवाद भी एक रास्ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिनेता ने कुछ असुविधाजनक कहा, तो वह अंतिम सत्य तो नहीं था। लोगों को अलग-अलग विचार रखने का अधिकार है। मगर इस वजह से फिल्म का प्रदर्शन रोका नहीं जा सकता।

प्रमाणपत्र मिलने के बाद भी राज्य सरकार के मौखिक निर्देश और पुलिस की मदद से जिस तरह फिल्म के प्रदर्शन को रोका गया, उससे कई सवाल उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा है कि लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तान सकते। फिल्मों और विचारों के माध्यम से अभिनेता कमल हासन अपनी बात मुखर होकर रखते रहे हैं। इस बार वे विवादों में तब घिरे जब उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' का आडियो जारी करने के समय कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी की। इसका राज्य में तीखा विरोध हुआ।
कर्नाटक फिल्म चैंबर आफ कामर्स ने यहां तक कह दिया कि जब तक कमल हासन माफी नहीं मांगेगे, तब तक उनकी फिल्म राज्य में प्रदर्शित नहीं होने दी जाएगी। हालांकि, पांच जून को फिल्म देशभर में प्रदर्शित हो गई, लेकिन कर्नाटक में इसे रोक दिया गया। शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकार से इसकी न केवल वजह पूछी, बल्कि यह भी कहा कि फिल्म देखने से रोकने के लिए नैतिकता के कथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा व हंगामा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। निस्संदेह विरोध के डर से राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायित्व से मुकर नहीं सकती।

**दिवस विशेष**
**मुरारी गुप्ता**



## भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास में केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया गौरवपूर्ण अध्याय है। 18 जून 1576 को राजस्थान की वीरभूमि पर लड़ा गया यह युद्ध, मेवाड़ नरेश महाराणा प्रताप और मुगल सम्राट अकबर की सेना के बीच हुआ था। यद्यपि यह युद्ध केवल पांच घंटे चला, लेकिन इसके प्रभाव और ऐतिहासिक महत्व का विस्तार सदियों तक हुआ। वामपंथी इतिहासकारों और मुगल-प्रशंसकों द्वारा अकबर की विजय का नैरेटिव गढ़ा गया, किंतु ऐतिहासिक स्रोतों, प्रशस्तियों, शिलालेखों और समकालीन लेखकों की साक्ष्यात्मक गवाही इस बात की पुष्टि करती है कि इस युद्ध में महाराणा प्रताप विजयी रहे और मुगलों को गहरी रणनीतिक हार का सामना करना पड़ा। महाराणा प्रताप के सिंहासन संभालने के समय अकबर समूचे भारत को मुगल साम्राज्य की छाया में लाना चाहता था। राजस्थान के अधिकतर राजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर चुके थे, किंतु मेवाड़ अकबर के इस इस्लामी साम्राज्यवाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। प्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह पहले ही अकबर की अधीनता अस्वीकार कर चुके थे। प्रताप ने अपने पूर्वजों की परंपरा का निर्बहन करते हुए स्वतंत्रता के मार्ग को चुना। अकबर ने चार बार समझौते के दूत भेजे लेकिन प्रताप ने हर बार संधि की शर्तों को ठुकरा दिया, क्योंकि उनमें दरबार में हाजिरी, कर चुकाना और मेवाड़ की स्त्रियों के साथ वैवाहिक संबंध शामिल थे। 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में घमासान युद्ध प्रारंभ हुआ। यह युद्ध तीन चरणों में लड़ा गया। पहले चरण में महाराणा प्रताप की सेना ने मुगल सेना के अग्रभाग पर भीषण हमला कर उसे पीछे हटने पर विवश किया। हमीद खां और रघुनाथदास की अगुआई में मुगल पक्ष असहज होकर बनास नदी के पार तक भाग गया। दूसरे चरण में मुगलों की राजपूत टुकड़ियों को प्रताप की सेना ने पीछे हटने को मजबूर कर दिया। मुगलों के लिए सबसे बड़ा झटका तीसरे और अंतिम चरण में तब लगा जब प्रताप के सेनापति झाला मान सिंह ने स्वयं को प्रताप समझकर उनकी रक्षा करते हुए वीरगति पाई। प्रताप घायल हुए लेकिन चेतक ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। बदायूंनी जैसे समकालीन मुस्लिम इतिहासकार लिखते हैं कि मुगल सेना न केवल युद्धभूमि से भागी, बल्कि वे प्रताप का पीछा करने का साहस भी नहीं कर सके क्योंकि उन्हें आशंका थी कि पहाड़ों में महाराणा घात लगाकर हमला करेंगे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने मेवाड़ के गोगुंदा क्षेत्र को पुनः प्राप्त कर लिया। ऐतिहासिक शिलालेख और प्रशस्तियां जैसे रणछोड़ राय मंदिर प्रशस्ति, वैद्यनाथ मंदिर प्रशस्ति, और ओड़ा गांव का ताम्रपत्र इस बात का प्रमाण हैं कि प्रताप ने युद्ध के बाद न केवल मुगलों को पराजित किया बल्कि अपनी संप्रभुता पुनः स्थापित की। रणछोड़ राय प्रशस्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि महाराणा ने रणभूमि में मान सिंह के साथ युद्ध कर उसे पराजित किया।

इतिहास में किसी भी युद्ध की विजय के तीन मानक होते हैं : पहला, विजेता शत्रु की भूमि और संपदा पर अधिकार कर ले, दूसरा शत्रु राजा की मृत्यु हो जाए या वह आत्मसमर्पण कर दे। और तीसरा पराजित राज्य विजेता का करदाता बन जाए। लेकिन हल्दीघाटी युद्ध के परिप्रेक्ष्य में देखें तो अकबर की सेना मेवाड़ की राजधानी गोगुंदा तक पहुंचने के बाद भी पूरे क्षेत्र पर अधिकार नहीं कर सकी। महाराणा प्रताप सुरक्षित रहे और उनका राज्य कायम रहा। वामपंथी इतिहासकारों ने हमेशा मुगलों को "सांस्कृतिक समन्वयक" और अकबर को "सद्भावना का प्रतीक" बताकर प्रस्तुत किया। जबकि तथ्य यह सिद्ध करते हैं कि अकबर के साम्राज्यवाद और धर्मांतरणवादी नीति के विरुद्ध प्रताप ने संघर्ष किया और भारतीय स्वाभिमान की रक्षा की। ऐसे में अकबर की विजय का नैरेटिव न केवल ऐतिहासिक रूप से झूठा है, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को विकृत करने का प्रयास भी है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक वीरता की गाथा नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वाधीनता के इतिहास का स्तंभ है। यह युद्ध भारतीय मानस में यह विश्वास स्थापित करता है कि विदेशी साम्राज्य कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, यदि स्वदेश प्रेम और स्वाभिमान जीवित है, तो पराजय असंभव है। महाराणा प्रताप की जीत केवल एक युद्ध में नहीं थी, बल्कि यह उस विचारधारा की जीत थी, जो स्वतंत्रता, आत्मगौरव और धर्म की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करती है। आज आवश्यकता है कि हम वामपंथी नैरेटिव से बाहर निकलकर इतिहास के सत्य को स्वीकार करें और प्रताप के बलिदान को राष्ट्र के गौरव का प्रतीक मानें।

(लेखक उपन्यासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मौन रहना बहुत जरूरी इससे शुद्ध होती वाणी



संकलित
**दर्शन**

मौन रहना बहुत उपयोगी है। इससे हमारी वाणी शुद्ध होती है। गहन मौन रचनात्मकता की जननी है। जो व्यक्ति बहुत व्यस्त, चिंतित, अति महत्त्वाकांक्षी या सुस्त है, उससे कोई रचनात्मकता नहीं निकल सकती। हमें अपनी दिनचर्या में मौन रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बहुत अधिक बोलने की भी आवश्यकता नहीं है। यदि आप कुछ समय मौन रखेंगे, तो आप बोलने से पहले सोचेंगे। यदि आप बोलते रहेंगे, तो आप स्वयं नहीं समझ पाएंगे कि आप क्या बोल रहे हैं। क्या आपने कभी देखा है कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? अकसर हम इस पर ध्यान नहीं देते, हम बड़बड़ाते रहते हैं। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि जो हम कहना चाहते हैं, वह कह दें और मुक्त हो जाएं। नहीं, आपको यह देखना चाहिए कि आपकी वाणी का दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है। भगवद्गीता में एक सुंदर दोहा है, जिसमें कहा गया है, जो शब्द लोगों के मन को विचलित नहीं करते और जो सत्य हैं, सत्य जो कल्याणकारी है और जो सुखद है, ऐसे शब्द बोलने चाहिए। इसे वाणी का तप कहा जाता है। वाणी के लिए तपस (तपस्या) केवल वही शब्द बोलना है जो दूसरों के मन को झकझोर न दें। किसी के मन को विचलित न करें या उन्हें दुख न पहुंचाएं। इसलिए ऐसे शब्द बोलें जो सुखद, सच्चे और परोपकारी हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप मनभावन झूठ न बोलें। अपने अप्रिय शब्दों से दूसरों के मन और दिल को न कुचलें।

## दूसरों के जलाए दीपक का कोई मूल्य नहीं होता



संकलित
**प्रेरणा**

एक साधु के आश्रम में एक युवक बहुत समय से रहता था। फिर ऐसा संयोग आया कि युवक को आश्रम से विदा होना पड़ा। रात्रि का समय है, बाहर घना अंधेरा है। युवक ने कहा, रोशनी की कुछ व्यवस्था करने की कृपा करें। उस साधु ने एक दीया जलाया, उस युवक के हाथ में दीया दिया और उसे सीढ़ियां उतारने के लिए खुद उसके साथ हो लिया और जब वह सीढ़ियां पार कर चुका और आश्रम का द्वार भी पार कर चुका, तो उस साधु ने कहा, अब मैं अलग हो जाऊं, क्योंकि इस जीवन के रास्ते पर बहुत दूर तक कोई किसी का साथ नहीं दे सकता है और अच्छा है कि मैं इसके पहले इससे विदा हो जाऊं कि तुम मेरे साथ के आदी हो जाओ। इतना कहकर उस घनी रात में, उसने उसके हाथ के दीये को फूंक मार कर बुझा दिया।

वह युवक बोला, यह क्या पागलपन हुआ? अभी तो आश्रम के हम बाहर भी नहीं निकल पाए, साथ भी छोड़ दिया और दीया भी बुझा दिया। उस साधु ने कहा, दूसरों के जलाए हुए दीयों का कोई मूल्य नहीं है। अपनी दीया हो तो अंधेरे में काम देता है, किसी दूसरे के दीये काम नहीं देते हैं। खुद के भीतर से प्रकाश निकले तो रास्ता प्रकाशित होता है और किसी तरह रास्ता प्रकाशित नहीं होता है। तो मैं निरंतर सोचता हूं, लोग सोचते होंगे कि मैं आपके हाथ में कोई दीया दे दूंगा, जिससे आपका रास्ता प्रकाशित हो जाए, तो आप गलती में हैं।

## बारिश



गुरुग्राम में भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर जलभराव वाली सर्विस रोड से गुजरते यात्री।

## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - मनीष

## ट्रेंड

### 'राहुल गांधी' की जरूरत



यह आरोप लगाने के लिए एक 'राहुल गांधी' की जरूरत है कि ईद पर एक हिंदू हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने में सक्षम है (इसके बावजूद कि मुस्लिम समुदाय ने स्वीकार किया है कि उनके कुछ गुमराह तत्वों ने ऐसा किया है)।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### विकास का स्वर्णिम अध्याय



गुरुग्राम के मानेसर में भारत के सबसे बड़े गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन हम सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है! हरियाणा की इस अग्रणी परियोजना से विकास का स्वर्णिम अध्याय आरम्भ होगा। इससे औद्योगिक मालवहन को नई गति और सुविधा प्राप्त होगी।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### जनता देगी जवाब



भाजपा ने केन्द्र में अपने 11 वर्षों के कार्यकाल के बारे में जो अपार उपलब्धियाँ वर्णित की हैं वे देशहित में कितनी लाभदायक रही हैं, सही समय आने पर जनता खुद उनका जवाब दे देगी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय



5 साल में 80 फीसदी कंटेंट एआई द्वारा तैयार और डिलीवर किया जाएगा, चाहे वह फिल्म, टीवी, या कोई अन्य वैरिएशन हो। प्रौद्योगिकी का मार्च अजेय है। जो बचेगा वह है कहानी सुनाना और कहानी सुनाने वाले।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर


### पुतिन और शी जिनपिंग बनेंगे इजरायल-ईरान जंग में शांतिदूत



इजरायल और ईरान की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बीते कुछ दिनों से राष्ट्रपति पुतिन ने कई वैश्विक नेताओं से फोन पर महत्वपूर्ण बातचीत की है। पुतिन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। पेस्कोव ने कहा कि रूस जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार है ताकि मौजूदा स्थिति को सुलझाया जा सके और मिडिल ईस्ट में शांति बहाली की कोशिश की जा सके। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विभाग मौजूदा स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं। हमने नेतन्याहू का बयान सुना और पढ़ा है। क्षेत्र में इस तरह की खतरनाक स्थिति पैदा करने वाली गतिविधियों की हम पुरजोर निंदा करते हैं। वहीं, सिर्फ रूस ही नहीं चीन ने भी इजरायल और ईरान जंग में मध्यस्थता की इच्छा जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उन्होंने इजरायल और ईरान दोनों से बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने का अनुरोध किया था। मौजूदा ईरान-इजरायल संघर्ष को सुलझाने में चीन अपनी भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा से राजनीतिक और डिप्लोमैटिक माध्यमों के जरिए ईरान के परमाणु मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है।

## ऑफ बीट

### सीतामढ़ी आश्रम, जहां रहीं सीताजी लव-कुश ने लिया जन्म



सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक आदर्श पत्नी के रूप मे जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद मे रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या मे पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं।

# विदेश के निवेशक, राजस्थान की निवेश आधारित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय साझेदारी को मिलेगी नई गति - भजनलाल शर्मा



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की अहम भूमिका है। पिछले वर्ष हुए इस आयोजन ने निवेश के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ और राजस्थान प्रमुख निवेश केन्द्र के रूप में उभरा है। इसी कड़ी में जयपुर में 11 व 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025 प्रदेश की राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेश साझेदारी को और मजबूत करेगी।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025 की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हुए एमओयू की क्रियान्विति से प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य में आए बदलावों के बारे में निवेशकों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कान्क्लेव में सिटी टू सिटी, स्टेट टू स्टेट और इन्डस्ट्री टू इन्डस्ट्री के आधार पर राजस्थान एवं अन्य राज्यों तथा देशों के मध्य निवेश साझेदारी विकसित की जाए, जिससे प्रदेश के विकास को नए आयाम मिले।

**दिखेगी 'राइजिंग' राजस्थान की प्रगति, रखेंगे 2026 का विजन —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉन्क्लेव निवेश की नई संभावनाओं के अवसर तलाशने और उन पर कार्य करने की विशेष रणनीति के अन्तर्गत मील का पत्थर साबित होगी। इस दौरान निवेश योग्य परियोजनाओं की रूपरेखा पर प्रभावी रूप से कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव का प्रमुख लक्ष्य राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हस्ताक्षरित हुए एमओयू की प्रगति का विवरण पेश करने के साथ ही, वर्ष 2026 के प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर हमारे विजन को प्रस्तुत करना है।

**ग्राउण्ड ब्रेकिंग की विभागवार रिपोर्ट करें प्रस्तुत —**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कॉन्क्लेव की तैयारी के संबंध में समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के मध्य पारस्परिक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारी की समन्वयक के रूप में नियुक्ति की जाए। साथ ही, उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एमओयू की नवंबर, 2025 तक प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट विभागवार तैयार करने के निर्देश दिए।

**राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रनअप कार्यक्रमों का होगा आयोजन —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव से पूर्व राज्य सरकार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रनअप कार्यक्रमों के साथ ही, थीमेटिक विभागीय कार्यक्रमों का भी आयोजन करेगी। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट-2024 के अन्तर्गत हुए एमओयू के निवेशकों की भी विभागवार बैठक आयोजित कर उनसे फीडबैक लेने के विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा के संबंध में भी एक विशेष सेमीनार आयोजित की जाए।

**मजदूर, महिला, युवा एवं किसान पर आधारित हो विशेष सत्र —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मजदूर, महिला, युवा एवं किसान के कल्याण के लिए समर्पित है, इसलिए इस कॉन्क्लेव में इन वर्गों पर आधारित विशेष सत्र भी आयोजित किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि दो दिवसीय पार्टनरशिप कॉन्क्लेव में पैनल डिस्कशन, राउण्ड टेबल और फायरसाइट चैट के साथ ही, एंकर इन्वेस्टर्स सम्मेलनों का आयोजन प्रस्तावित है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केदारनाथ हेलीकॉप्टर क्रैश – पायलट राजवीर सिंह को दी अंतिम विदाई

**-केदारनाथ में हुए दर्दनाक हेलीकॉप्टर क्रैश के बाद पूरे देश में शोक की लहर**

**-चांदपोल स्थित मोक्षधाम में नम आंखों से दी विदाई**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उत्तराखंड के केदारनाथ के पास गौरीकुंड में हेलिकॉप्टर क्रैश में जयपुर के पायलट राजवीर सिंह चौहान की मौत हो गई थी,इस दर्दनाक हादसे में 7 लोगों की मौत हुई, लेफ्टिनेंट कर्नल पद से रिटायर्ड राजवीर सिंह चौहान आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए फ्लाइंग कर रहे थे। राजवीर ने सितंबर 2024 में इस कंपनी को जॉइन किया था, लेकिन हेलिकॉप्टर उड़ाना डेढ़ महीने पहले शुरू किया था। उनकी पत्नी दीपिका चौहान भी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। मंगलवार को जयपुर के शास्त्री नगर इलाके में स्थित उनके निवास स्थान पर उनका पार्थिव शव लाया गया, जहां उन्हें सुबह चांदपोल मोक्षधाम में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया,राजवीर के छोटे भाई आरव सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी,और भारतीय सेना जिंदाबाद,भारत माता की जय के नारे लगाते गए,रो पड़े,साथ ही उनकी पत्नी दीपिका चौहान भी फूट फुटकर रोते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए,यह भावुक पल सभी की आंखों को नम कर दिया,हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा इस घटना से हृदय को पीड़ा है,परिवार को वियोग सहन करने की शक्ति दे, दुर्घटना का क्या कारण रहा,क्या मौसम खराब था या तकनीकी खराबी थी,मैं केंद्र सरकार से निवेदन करता हु,मामले की गंभीरता से जांच हो ताकि परिवार को न्याय मिल सके, वहीं राजवीर के पिता ने बताया- पत्नी की डिलीवरी को देखते हुए रिटायरमेंट के बाद भी राजवीर घर पर ही थे। 14 साल बाद संतान के सुख की प्राप्ति हुई थी। एक साथ कई खुशियां झोली में आई थी। राजवीर की पत्नी भी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर कार्यरत हैं। अगले महीने ही उनका प्रमोशन होना है। दोनों एक साथ पठानकोट में सेवारत थे।

# हाजियों की मक्का मदीना से वतन वापसी

**-पहली फ्लाइट में 164 हाजी जयपुर पहुंचे**

**-हाजियों का,परिवार ने किया जमकर स्वागत**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज यात्रा 2025 का मुकद्दस सफर पूरा कर राजस्थान के पहले हाजी आज अपने वतन लौट आए हैं। "एक ऐतिहासिक पल। सउदी अरब के जद्दा शहर से पहली फ्लाइट के जरिए 164 हाजियों का जत्था राजस्थान की राजधानी जयपुर के अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट सांगानेर के टर्मिनल-1 पर पहुंचा। इस पहले जत्थे में 81 महिलाएं और 83 पुरुष शामिल हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक हज का फर्ज अदा किया। "हाजियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर परिजनों ने माला पहनाकर स्वागत किया, "इस्लाम धर्म में हज को पाँच मूल स्तंभों में से एक माना गया है और हर समर्थ मुसलमान के लिए जीवन में एक बार हज करना फर्ज है। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार ज़िल-हिज्जा माह में मक्का-मदीना में हज की अदायगी के बाद अब इन हाजियों की वतन वापसी शुरू हो चुकी है।" "राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी अबू सूफियान चौहान ने बताया द् जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और पी.एच.ई.डी. विभाग के साथ तालमेल कर एयरपोर्ट पर व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं परिजनों के लिए छाया,जल,की व्यवस्था की गई,"कुल 17 फ्लाइट्स के ज़रिए 165 यात्रियों की क्षमता वाले विशेष विमानों द्वारा राज्य के सभी हाजी अपने वतन लौटें, "आज का दिन उन परिवारों के लिए जश्न का दिन है, जिनके अज़ीज़ मुकद्दस मक्का और मदीना से हज कर लौटे हैं। खुशी के इन पलों में इबादत की रूहानी ताजगी साफ़ झलक रही है।"

# योग दिवस जनजागृति रैली निकली



मनोहरपूर,(रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के सफल आयोजन हेतु ग्राम पंचायत खोरालाडखानी मैं 17 जून 2025 को योग दिवस जन जागृति रैली निकाली गई।

ग्राम पंचायत योग प्रभारी डॉ. आनंद बिहारी शर्मा ने बताया 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' की थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग की विभिन्न मुद्राएं तथा शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी जाएगी।

वही डॉ. रवि शंकर शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों रोहिताश चौधरी (पुरुष) सुमन जाट (महिला) द्वारा रोजाना प्रातः काल ग्रामीण जनों को योग अभ्यास करवाया जाता है शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए रोज योग करना आवश्यक है।

# विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं मानसून की पूर्व तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक, अधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री टोंक हीरालाल नागर ने जिला परिषद सभागार में विद्त, पेयजल, चिकित्सा और मानसून के आगमन से पूर्व आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। साथ ही, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री नागर ने सभी संबंधित अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिले में प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान की प्रगति एवं आगामी कार्य योजना की समीक्षा कर अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

नागर ने प्राचीन जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार करने के साथ आमजन में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचयन की जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं हरियालों राजस्थान में अधिकाधिक पौधारोपण करने के साथ उनके जीवित रहने के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही, जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

ऊर्जा मंत्री ने विद्त विभाग के अधिकारियों को जिले में सतत विद्त आपूर्ति और विद्त तंत्र का सुदृढीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए किसी कारण से विद्त आपूर्ति बाधित होने पर अधिकारी एवं कार्मिक उपभोक्ताओं के फोन रिसीव कर संतोषप्रद जवाब दें। जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने पर टोंक सहायक अभियंता को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही, घरेलू विद्त कनेक्शन में अनावश्यक देरी की शिकायत मिलने पर देवली सर्किल के अधिशाषी अभियंता को चार्जशीट देने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए।

नागर ने अधीक्षण अभियंता के.एल. पटेल को घरेलू एवं कृषि कनेक्शन जारी करने की स्थिति, विद्त संबंधी शिकायतों के लिए डिस्कॉम स्तर संचालित कंट्रोल रूम और एफआरटी की कार्यवाही, आरडीएसएस, स्मार्ट मीटर योजना, विद्त आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए पूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री को नासिरदा सीएचसी में चिकित्सक नहीं होने की जानकारी मिलने पर मौके पर ही चिकित्सा विभाग जयपुर के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर चिकित्सक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, जिले में डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए भी कहा। उन्होंने एडीएम रामरतन सौंकरिया को अस्पतालों में पेयजल टंकियों की साफ सफाई एवं वॉटर कूलर के क्रियाशील होने की जांच करने के निर्देश दिए।

नागर ने मानसून के दौरान जलदाय विभाग को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल लाइनों में होने वाले लीकेज को शीघ्रता से सही करें, और पूर्ण दबाव के साथ टेल तक पानी पहुंचाएं। अवैध कनेक्शन करने वालों पर एफआइआर दर्ज कराई जाए। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा को पशुओं के उपचार में कोताही नहीं बरतने तथा पशु उपचार के लिए मोबाइल वैन को सही समय पर पशुपालकों को पास भेजने के निर्देश दिए।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

**- 4 केन्टर सामान जब्त**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त श्रीमती रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मालपुरा गेट, मालपुरा चौराहे से रेलवे स्टेशन तक, एसएमएस अस्पताल गेट नं. 01 व 02, जेडीए चौराहे से शान्तिपथ, बी ब्लॉक मुरलीपुरा स्कीम व रोड़ नं. 6,7 एवं वार्ड नं. 5 से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों से 4 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में मालपुरा गेट, मालपुरा चौराहे से रेलवे स्टेशन तक, एसएमएस अस्पताल गेट नं. 01 व 02, जेडीए चौराहे से शान्तिपथ, बी ब्लॉक मुरलीपुरा स्कीम व रोड़ नं. 6,7 एवं वार्ड नं. 5 से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# महात्मा गांधी विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन लॉटरी संपन्न

**-25 जून तक करनी होगी ऑनलाइन रिपोर्टिंग**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक प्रवेश के लिए इस वर्ष भी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली से चयन किया गया। इस प्रक्रिया का शुभारंभ शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बटन दबाकर किया। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस वर्ष 3737 विद्यालयों ने लॉटरी प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 50,657 आवेदनकर्ताओं द्वारा 78,205 विद्यालय चॉइस भरी गई। लॉटरी के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 25 जून तक अपनी ऑनलाइन रिपोर्टिंग पूरी करनी होगी। रिपोर्टिंग केवल एक ही चयनित विद्यालय में मान्य होगी।

# सीकर रोड़ पर न्यू ट्रांसपोर्ट नगर योजना की करीब 08 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

**-नौ बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में सीकर रोड़ पर न्यू ट्रांसपोर्ट नगर योजना की करीब 08 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। गिलकी नांगल, नायला रोड़ कानोता में नहर की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। निजी खातेदारी की करीब 09 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-3 में आनन्द विहार योजना की रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सीकर रोड़ पर न्यू ट्रांसपोर्ट नगर योजना की करीब 08 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बाउण्ड्रीवाल बनाकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, तारबंदी कर, पत्थर मलवा, झाडियां डालकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गिलकी नांगल, नायला रोड़ कानोता में नहर की करीब 400 मीटर सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से ग्रेवल सड़क डालकर, रास्ता बनाकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर नहर की सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम हरध्यानपुरा, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर "राजेन्द्र नगर" के नाम से बनाई गई बाउन्ड्रीवाल, टीनषेडनुमा कोठरी, ईटों के ट्रीगार्ड व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम गिलकी नांगल, नायला रोड़, कानोता, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

साथ ही जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, के खसरा नं. 2858/2132, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, नींव का निर्माण व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जोन-03 के क्षेत्राधिकार में

# राज्यपाल बागडे ने संजय शर्मा संग्रहालय एवं शोध संस्थान का अवलोकन किया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान में विश्वभर में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हमारी धरोहर को अपनाकर उसे निरंतर अपना बताया हैं। उन्होंने नई पीढ़ी को अतीत की धरोहर से जुड़े संग्रहालयों से जोड़कर प्राचीन ज्ञान की आधुनिकी के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

बागडे ने मंगलवार को संजय शर्मा म्यूजियम एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के भ्रमण के दौरान यह बात कही। उन्होंने संग्रहालय में प्राचीन भारत के ज्ञान विज्ञान और आविष्कारों से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का अवलोकन किया और कहा यह सब भारत के विश्वगुरु होने का प्रमाण है।

राज्यपाल ने संग्रहालय में कागजों के निर्माण से लेकर समय गणना के यंत्रों, कलाकृतियों और विज्ञान से जुड़े संदर्भों का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां संगृहीत पुरा वस्तुओं, कलाकृतियों और प्राचीन इतिहास और ज्ञान विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ पांडुलिपियों का विशेष रूप से अवलोकन किया। उन्होंने संग्रहालय में भारत के विभिन्न प्रांतों से जुड़ी संस्कृति, धरोहर और प्राचीन वस्तुओं के इस संग्रह को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि निजी स्तर पर किया यह प्रयास सराहनीय है।

राज्यपाल ने प्राचीन अंक गणना, ज्योतिष, खगोलीय गणना और पंचाग से जुड़े समय सिद्धांतों की दुर्लभ कलाकृतियां, प्राचीन यंत्रों और देश के विभिन्न भागों के कला स्कूलों की कला कृतियों का बारीकी से अवलोकन किया। इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण संदर्भों के कलात्मक संग्रह को उन्होंने राज्य की अनुपम धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय इतिहास की वह खिड़की है, जिससे अतीत को जान समझ कर भविष्य की राह बनाई जाती है।

राज्यपाल को संग्रहालय पहुंचने पर वहां की विभिन्न दीर्घाओं में संग्रहित वस्तुओं के बारे में सचिव तिलक शर्मा ने जानकारी दी।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# ‘वंदे गंगा’ जल संरक्षण-जन अभियान

## -जिले में 6 नवीन अमृत सरोवरों का हुआ शिलान्यास
## -हरियालो राजस्थान के तहत 80 हजार गड्ढे खोदे गए

**शब्बीर हुसैन**



कोटा,(रॉयल पत्रिका)। ‘वंदे गंगा’ जल संरक्षण-जन अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोटा जिले में 6 नवीन अमृत सरोवरों का शिलान्यास किया गया। इसमें इटावा ब्लॉक के विजेपूरा, खैराबाद ब्लॉक के बराडिया एवं भगवानपुरा गांव, लाडपुरा ब्लॉक के मांदलिया गांव, सांगोद ब्लॉक के लटूरी तथा सुल्तानपुर ब्लॉक के बोरखेड़ा गांव में अमृत सरोवरों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अलावा, पूर्व में निर्मित 30 से अधिक अमृत सरोवरों पर श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए।

अभियान के तहत हरियालो राजस्थान की पूर्व तैयारी में जिले के विभिन्न ब्लॉक के गांवों में पौधारोपण के लिए करीब 80 हजार गड्ढे खोदे गए। लाडपुरा की गोपालपुरा बावड़ी में श्रमदान कर सफाई की गई।

इसके साथ ही, जिले में विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर तक औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण, ग्राम के सभी जल स्रोतों की मैपिंग, साफ-सफाई एवं मरम्मत, सोख्ता गड्ढों की साफ-सफाई तथा गांवों के मुख्य मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई गई।

# पंचायतीराज ना ग्राम सभा, ना वार्ड सभा, ना मासिक बैठक

## -कागजों में चलरही है ग्राम पंचायतें व सेवा केन्द्र में लगे ताले
## -नरेगा के कार्य शुरू करवाने की मांग




पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायतीराज के जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पाली जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जिलें की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा, वार्ड सभा एवं मासिक बैठकों का आयोजन कर जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ जिलें के सभी गांवों में नरेगा के कार्य शुरू कर मजदूरों को रोजगार देने की मांग की।

जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने बताया कि जब से पंचायतीराज का समय समाप्त होने के बाद प्रशासक लगे है, तब से पूरे जिलें के कहीं जगहों पर ग्राम सभा, वार्ड सभा व मासिक बैठकें आयोजित नहीं हो रही है। जिससे जनता को पंचायतों में कार्य प्रणाली की कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम सभा, वार्ड सभा एवं मासिक बैठकों की कार्यवाही कागजों में पूरी कर दी जाती है, जिससे सरकारी धन का व योजनाओं का दुरूपयोग हो रहा है तथा जनहित के कार्य पूर्णतया ठप्प है। ग्रामीण जनता अपने कार्य के लिए पंचायतों के चक्कर काट रही है। लेकिन पंचायतीराज एवं राजीव गांधी सेवा केन्द्र के ताले पाये जा रहे है। इसके अलावा पूरे जिलें में इस वर्ष नरेगा के कार्य हर पंचायत के किसी एक गांव में ही चल रहे है जिससे पूरे जिलें के मजदूरों को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। सरकार मनरेगा और मजदूरों को समय पर कार्य नहीं देने से लोग मजदूरी के लिए पलायन कर रहे है और अब बारिश का समय आ चुका है। नरेगा पूरी तरह से ठप्प हो जायेगी।

जागरवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पुरजोर मांग की है कि पंचायतों में ग्राम सभा, वार्ड सभा, मासिक बैठकों का समयानुसार आयोजन करें व जनता की भागीदारी सुनिश्चित करें और वर्तमान में मनरेगा के कार्य प्रत्येक गांव से शुरू करवा कर गरीब जनता को रोजगार उपलब्ध कराया जाये तथा पंचायतें व राजीव गांधी सेवा केन्द्र प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक संचालित कर गरीब जनता के काम कर उनको राहत दी जाये।

# सेफ वुमन कार्यक्रम में गीतांजलि हॉस्पिटल से डॉ. अर्चना ने महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया



उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सेफ वुमन कार्यक्रम में गीतांजलि हॉस्पिटल ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। इस आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें 15 से 65 वर्ष तक की विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी शामिल रहीं।

इस अवसर पर गीतांजलि हॉस्पिटल की स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और स्त्री स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे बदलती दिनचर्या, तनाव और अनियमित खानपान महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और इससे कैसे बचा जा सकता है।

डॉ. अर्चना ने यह भी कहा कि “एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की आधारशिला होती है।” उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें और नियमित मेडिकल चेकअप कराएं।

इस आयोजन में गीतांजलि हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य से संबंधित सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही संस्थान ने आयोजन के समर्थन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि गीतांजलि न केवल इलाज का केंद्र है, बल्कि समाज के समग्र स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए निरंतर समर्पित भी है।

# होनहार बच्चे ही परिवार समाज व देश का नाम रोशन करते हैं - मोयल

## -पेंशनर समाज ने किया दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सौम्या सिंह राठौड़ का सम्मान

सोजत, (रॉयल पत्रिका)। होनहार बच्चे ही परिवार समाज व देश का नाम रोशन करते हैं। ऐसी प्रतिभाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें उक्त उद्गार पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल ने पेंशनर भवन में आयोजित दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सौम्या सिंह राठौड़ को सम्मानित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी भामाशाह अनोप सिंह लखावत ने कहा कि हमें शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने की आवश्यकता है ताकि इस तरह की प्रतिभाएं निखर कर हमारे सामने आएं। कार्यालय प्रभारी फौजी अशोक सेन ने कहा कि प्रतिभाएं समाज की नहीं, देश की धरोहर हैं। समाजजन इन प्रतिभाओं को अच्छी पढ़ाई, खेल व अन्य क्षेत्र में बुलंदियां छूने में मदद करे। पूर्व खेल अधिकारी सत्तुसिंह भाटी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। यह सम्मान उन्हें प्रोत्साहित करेगा जिससे वे अपनी प्रतिभा को और निखारेंगी। कार्यक्रम में सौम्या सिंह राठौड़ का अतिथियों द्वारा साफा, शाल, फूलों का हार पहनाकर व मोमेंटो व गिफ्ट देकर सम्मान किया। सौम्या सिंह राठौड़ ने अपने सम्मान के लिए सभी का अभिवादन किया और कहा कि आप लोगों ने मुझे जो हिम्मत और हौसला दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। मैं आने वाले बोर्ड में हंड्रेड परसेंट रिजल्ट देने की पूरी कोशिश करूंगी। इस अवसर पर पेंशनर समाज के केशियर मदनलाल चौहान, सहसचिव महेंद्र माथुर, विधि सलाहकार ईश्वरदास पुरूषवाणी, जुगल किशोर दवे, अनील जैन, विजय आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय व्यवस्थापक दिनेश सोलंकी, वरिष्ठ साहित्यकार अब्दुल समद राही, शंकरलाल पारिक, अयूब खान, नरपतसिंह, मोहम्मद यासीन खरादी, आराध्या सिंह भाटी, गौराक्ष भाटी आदि कई पेंशनर व गणमान्य जन उपस्थित थे।

# नगर परिषद की लापरवाही से बदहाल सफाई व्यवस्था, आमजन हो रहे परेशान

**शादाब अली**



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद सवाई माधोपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 35 एवं 36 में अंसारी मोहल्ला स्थित गलता रोड की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और उदासीनता के आरोप लगाए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गलता रोड पर नियमित रूप से सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे, जिससे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूर्णतः चरमरा गई है। नगर परिषद द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन भी यहां नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण लोगों को अपने घरों में ही कचरे का ढेर जमा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

सफाईकर्मियों द्वारा यदि कभी-कभार सफाई की भी जाती है, तो सड़क के किनारे कचरा एकत्रित कर छोड़ दिया जाता है, जिससे गलता मंदिर, महाबली हनुमान मंदिर और घाटीला बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को लगातार दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण वे पूरी तरह गंदगी से भर चुकी हैं, जिनमें मच्छर पनप रहे है। वहीं दूसरी ओर सीवरेज चैंबर भी ओवरफ्लो हो रहे हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और स्थानीय जनजीवन को प्रभावित कर रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन और सरकार की इस अनदेखी से नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

लेगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता पर लेते हुए नियमित सफाईकर्मियों की नियुक्ति की जाए, कचरा वाहन नियमित भेजे जाएं और नालियों व सीवरेज की सफाई तत्काल प्रभाव से करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# सीड बॉल तकनीक से पौधारोपण को नई दिशा, विद्यार्थियों ने निभाई पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वन विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर, फतेह पब्लिक स्कूल तथा प्राकृतिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को उपवन संरक्षक सामाजिक वानिकी सुनील कुमार के मुख्य आतिथ्य में रणथम्भौर रोड़ स्थित फतेह पब्लिक स्कूल में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीड बॉल निर्माण विषय पर केंद्रित था, जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया।

उन्होंने सीड बॉल तकनीक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सरल, सुलभ एवं प्रभावशाली नवाचार है। सीड बॉल अर्थात बीजों को मिट्टी और खाद के मिश्रण में लपेटकर सीधे धरातल पर फेंकने से पौधारोपण सरल बनता है, विशेष रूप से वर्षा ऋतु में इसका व्यापक उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तकनीक की विधि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुए सीड बॉल निर्माण का प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सीड बॉल बनाकर वर्षा ऋतु में उपयोग हेतु संरक्षित किया, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनकी जागरूकता और सहभागिता को दर्शाता है। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पर्यावरण जागरूकता हेतु कैप एवं कपड़े के थैले वितरित किए गए।

प्राकृतिक सोसायटी की अध्यक्ष रूपिन्दर कौर एवं क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा ने प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता पर विचार साझा करते हुए उपस्थितजनों से प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर कपड़े के थैले अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आकांक्षा शर्मा, डॉ. अंजलि उपाध्याय, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता धर्मराज मीणा सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# कुश्तला में छात्राओं को करवाया कॉमन योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास

## -योग एवं प्राणायाम तनाव और रोगों से मुक्ति देने का एक बेहतरीन उपाय



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 की पूर्व तैयारी के तहत आचार्य नानेश महिला शिक्षा महाविद्यालय कुस्तला में मंगलवार को योग दिवस के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष कुश्तला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा जनागल, योग प्रशिक्षक ओमेंद्र सिंह, योग प्रषिक्षक रजत भारद्वाज एवं आदित्य सिंह राठौड़ द्वारा महाविद्यालय की लगभग 125 छात्राओं को एकरूपता के साथ योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में सभी आमजन को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए क्योंकि योग एवं प्राणायाम तनाव और रोगों से मुक्ति देने का एक बेहतरीन उपाय है।

इस दौरान छात्राओं को ग्रीवाचालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन आदि सूक्ष्म क्रियाओ का अभ्यास करवाया गया साथ ही ताड़ासन, वृक्षासन, हलासन त्रिकोणासन, शलभासन, मंडूकासन, भ्रामरी, उज्जयी, अनुलोम विलोम, कपालभाति प्राणायाम, ध्यान एवं योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया।

डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के साथ-साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष कुश्तला में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक सामान्य योग अभ्यास प्रोटोकॉल का निरंतर दक्ष पुरुष एवं महिला प्रषिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया जा रहा है। योग से व्यक्ति निरोगी बना रहता है, शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, व्यक्ति तेजस्वी, ओजस्वी, कांतिमान एवं निरोगी बनता है। भाग दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति योग एवं प्राणायाम द्वारा मानसिक तनाव से मुक्ति पा सकता है। योग एवं प्राणायाम को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर सभी प्रकार के रोगों से बचाव संभव है।

# लाखोटिया में 15 गाड़ियों से ताज़ा पानी डाल मछलियों को बचाया - आयुक्त भारद्वाज

पाली, (रॉयल पत्रिका)। शहर को अतिवृष्टि से बचाने के प्रयासों के अन्तर्गत शहर के विभिन्न इलाकों में नगर विकास न्यास द्वारा कलवर्ट/साईफनों का निर्माण किया जा रहा है।

लाखोटिया तालाब के अन्तिम फेज का जल वर्षा के दौरान डायवर्ट करने के लिए कलवर्ट बनाये जाने के दौरान सोमवार की रात डायवर्ट ग्रे वाटर (नाला जल) का रोका टुट जाने से लाखोटिया के अन्तिम फेज जल में ग्रे वाटर मिल गया जिससे मंगलवार सुबह मछलियाँ घायल हो गयी।

नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिलने पर नगर सुधार न्यास एवं नगर निगम की टीम,

मप्स्य विभाग व पशुपालन विभाग की टीमें मौके पहुंच गयी। नगर निगम की टीम ने मप्स्य विभाग के अधिकारी राजूराम की सलाह पर फायर की गाड़ियों एवं टैंकरों से ताजा पानी तालाब में डलवाया, करीब 15 गाड़ियों से ताजा पानी डालकर जल में डायल्यूशन बढाया गया तथा पानी में ऑक्सीजन बढाने के लिए चूने के कट्टे एवं पोटेशियम परमैग्नेट डलवाया गया जिससे मछलियों की तबीयत में सुधार हुआ है जल के शुद्धीकरण हेतु मडपम्प लगाकर लाखोटिया फेज-3 से करीब 6 लाख लीटर जल डलवाकर मछलियों को मरने से बचाया। समय पर प्रशासन की मुश्तैदी से कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच सकी।

# जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने वंदे गंगा अभियान सहित विभिन्न अभियानों की समीक्षा की



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने वंदे गंगा, हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत मानसून में पौधारोपण, धरती आबा शिविरों के लिये, योग दिवस, आने वाले दिनों मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा की तैयारी की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलक्टर ने वंदे गंगा अभियान की विभागवार प्रगति के बारे में जानकारी ली साथ ही अभियान में एप पर अपलोड के बारें में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही हरियालो राजस्थान में पौधारोपण की तैयारी व जिले, विभाग व ब्लॉकवार तैयारी की समीक्षा की साथ ही उन्होंने योग दिवस के लिये जिले, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर आयोजन के लिये चल रही तैयारियों की समीक्षा व धरती आबा शिविरों का प्रचार प्रसार व आने वाले दिनों में ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले दीनदयाल सम्बल पखवाड़ा के लिए भी ब्लॉक में आयोजित होने वाले शिविरों के लिये आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के सामान्य दिनों के कामकाज जिनमें चिकित्सा विभाग में मौसमी बीमारियों हीट वेव बांगड़ चिकित्सालय साथ ही पानी बिजली सार्वजनिक निर्माण विभाग के कामों जल जीवन मिशन पशुपालन विभाग जल संसाधन रीको उद्योग राइजिंग राजस्थान शिक्षा विभाग आदि अन्य सभी विभागों के कार्यों योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त कलक्टर अश्विनी के पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेन्द्र सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। नशामुक्त भारत अभियान पोस्टर का विमोचन किया

इस अवसर पर जिला कलक्टर व अन्य अधिकारियों ने नशामुक्ति के लिये नशामुक्त भारत अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जेपी अरोडा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के 7 विद्यार्थियों का नीट (यूजी) में चयन

## -शानदार ऑल इंडिया रैंक अर्जित कर डॉक्टर बनने की राह को किया आसान





झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। अपने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के लिए विख्यात झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थियों ने नीट (यूजी) परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक बार फिर से शेखावाटी में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा ने बताया कि 14 जून को घोषित नीट (यूजी)-2025 के परीक्षा परिणामों में झुंझुनूं एकेडमी के 7 होनहार विद्यार्थियों ने शानदार ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।

उन्होंने बताया कि झुंझुनूं एकेडमी के आकाश चौधरी पुत्र श्रीमती सरिता देवी एवं हेतराम सिंह ने 4256 वीं रैंक, हनिशा बसेरा पुत्री श्रीमती सजना एवं रोहिताश बसेरा ने 4477 वीं रैंक, कुसुम पुत्री श्रीमती राजबाला एवं कपिल कुमार ने 4521 वीं रैंक, विनय सैनी पुत्र श्रीमती सुनिता एवं विनोद कुमार सैनी ने 5980 वीं रैंक, अनिरूद्ध धायल पुत्र श्रीमती सुमिता एवं रणधीर सिंह ने 6378 वीं रैंक, दिव्या कुलहरि पुत्री श्रीमती सुभिता देवी एवं देवी सिंह कुलहरि ने 16507 वीं रैंक तथा अनुश्री पुत्री श्रीमती पूनम एवं लोकेश कुमार ने कैटेगरी 3265 वीं रैंक प्राप्त कर डॉक्टर बनने की राह को आसान किया है।

इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुन्दर शर्मा, हेडमिस्ट्रेस उमा शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि सहित सभी स्कूल पदाधिकारियों एवं स्टाफ मैम्बर्स ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की हुई समीक्षा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर-चतुर्थ देवेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सक्षम जयपुर अभियान, जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र योजना, तेरे-मेरे सपने विवाह पूर्ण संवाद केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर, महिला हेल्पलाईन 181, राजस्थान डायन प्रताडना निवारण योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना के क्रियान्वयन एवं समीक्षा की गई।

बैठक में महिला अधिकारिता के उपनिदेशक बैठक में डॉ. राजेश डोगीवाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में डॉ. राजेश डोगीवाल,उपनिदेशक,महिला अधिकारिता द्वारा सभी उपस्थित अधिकारीगण को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोलर सेक्टर में काम करेगी कंपनी, कल रहेगी निवेशकों की नजर, 45 पैसे का है शेयर

**मुंबई।** पेनी स्टॉक केबीसी ग्लोबल के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत से अधिक टूट गए और 0.45 रुपये पर पहुंच गए थे। दरअसल, कंपनी ने एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी सोलर एनर्जी और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करेगी, जिससे इस क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

## क्या है डिटेल

नासिक स्थित इंफास्ट्रक्चर और ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) सेवा फर्म ने 14 जून को घोषणा की कि उसने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में अपने विस्तार के हिस्से के रूप में एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया है। केबीसी ग्लोबल ने कहा,बोर्ड मेंबर ने 13 जून, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में इस कदम को मंजूरी दे दी।



नई कंपनी सौर और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो स्थिरता और हरित प्रौद्योगिकी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप होगी। कंपनी ने आगे बताया कि धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड रिन्यूएबल एनर्जी मॉड्यूल, सेल और सहायक उपकरण के निर्माण, डिजाइन, विकास और सुधार सहित कई तरह की गतिविधियों में शामिल होगी। इसमें अनुसंधान, व्यापार, खरीद, बिक्री, थोक बिक्री, खुदरा बिक्री, वितरण, आयात, निर्यात, संयोजन, निर्माण, मरम्मत, रखरखाव, परिवर्तन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं और हाइब्रिड सिस्टम का संचालन शामिल है जो सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी को अक्षय ऊर्जा के अन्य रूपों के साथ जोड़ते हैं - जिसका उद्देश्य सोलर एनर्जी परियोजनाओं के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करना है। कंपनी बुनियादी ढांचे और ईपीसी परियोजनाओं पर फोकस करने और बाजार में अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने के लिए रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केबीसी ग्लोबल लिमिटेड से धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड में रीब्रांडिंग कर रही है। फरवरी 2024 में, निदेशक मंडल ने 260 करोड़ के ऑर्डर बुक साइज के साथ शेयरधारकों को 1:1 बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दी।

## केबीसी ग्लोबल शेयर

जून में अब तक पेनी स्टॉक में लगभग 22 प्रतिशत की उछाल आई है और ऐसा लगता है कि यह सात महीने की गिरावट के अपने सिलसिले को तोड़ने वाला है।पिछले साल भर में, स्टॉक में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है, पिछले साल 7 नवंबर को 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 1.28 और इस साल 13 मई को 52-सप्ताह के निम्नतम स्तर 0.34 पर पहुंच गया।

# निवेशकों को तगड़ा झटका !

## एसबीआई ने इस एफडी की ब्याज दर पर चलाई कैंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अमृत वृष्टि स्पेशल एफडी स्कीम पर ब्याज दरों में कटौती कर दी है, जिससे फिक्स्ड डिपॉजिट करने वाले निवेशकों को झटका लगा है। नई ब्याज दरें 15 जून 2025 से लागू होंगी। हालांकि, अन्य सामान्य एफडी योजनाओं की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### कितना घटा ब्याज

अमृत वृष्टि योजना में 444 दिनों की अवधि के लिए अब ब्याज दर 6.85 प्रतिशत से घटाकर 6.60 प्रतिशत कर दी गई है। यह कटौती 25 बेसिस प्वाइंट की गई है।

**सीनियर और सुपर सीनियर सिटीजन के लिए क्या है नई दर-** सीनियर सिटीजन (60 वर्ष या उससे अधिक) को अब 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। सुपर सीनियर सिटीजन (80 वर्ष या उससे अधिक) को 7.20 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जिसमें 10 बीपीएस का अतिरिक्त लाभ शामिल है।

**समय से पहले एफडी तोड़ने पर पेनल्टी-** 5 लाख रुपए तक की एफडी- समय से पहले तोड़ने पर 0.50 प्रतिशत जुर्माना। 5 लाख से 3 करोड़ रुपए तक की एफडी- तोड़ने पर 1 प्रतिशत जुर्माना।

### ब्याज दरों में कटौती का कारण

हाल ही में आरबीआई की जून नीति बैठक में रेपो रेट में 50 बीपीएस की कटौती की गई थी।

# कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर, नेट प्रॉफिट में 316 प्रतिशत उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मार्ट मीटरिंग कंपनी जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में बीते कुछ सालों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। इस कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का वर्क ऑर्डर है। अगले 3 से 4 महीने में तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक और वेस्ट बंगाल में 27,300 करोड़ रुपये का टेंडर खुलने जा रहा है। बता दें, इस कंपनी के प्रदर्शन को लेकर 2-2 एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों पर नजर रखने वाले 2 एक्सपर्ट्स ने रेटिंग दी है। दोनों ब्रोकर ने इस स्टॉक को ब्रुद्ध टैग दिया है। बता दें, इस कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी मजबूत है।

**कंपनी का रेवन्यू कितना रहा है-** जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रेवन्यू मार्च तिमाही के दौरान 937 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 420 करोड़ रुपये रहा था। यानी रेवन्यू के मोर्चे पर 123.10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 316.13 प्रतिशत बढ़ा है। जोकि एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 31 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 129 करोड़ रुपये रहा था।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन बीते एक साल में कैसा रहा

शुक्रवार को जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर 3.88 प्रतिशत की गिरावट के बाद 370.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। महज एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 12 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। वहीं, 2 साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 256 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, बीते 5 साल में इस कंपनी ने 1833 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



## स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपए पर

**मुंबई, एजेंसी।** किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध





लाभ 119 करोड़ रुपए था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 1,446.37 करोड़ रुपए रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 1,719.3 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट का घाटा सालाना आधार पर 409 करोड़ रुपए से बढ़कर 580.74 करोड़ रुपए हो गया। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपए रह गया।

## अमेजन के जेफ बेजोस की जगह इस बिजनेसमैन ने ली

### बने दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति, 1 दिन में 26 बिलियन जोड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रह गए। लैरी एलिसन ने गुरुवार को अपने नेटवर्थ में 26 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। जोकि किसी भी अरबपति के द्वारा एक दिन में जोड़ा गया सबसे अधिक पैसा है। जिसके बाद 12 जून को उनकी नेट वर्थ 243 बिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, अमेजन के चेयरमैन जेफ बेजोस की नेटवर्थ 227 बिलियन डॉलर है। बता दें, जेफ बेजोस ने 8 साल के बाद अरबपतियों की लिस्ट में दूसरे स्थान को गंवाया है। जेफ बेजोस इस समय मेटा के चेयरमैन मार्क जुकरबर्ग (239 बिलियन) से भी पिछड़ गए हैं। बता दें, अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान पर इस समय भी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क काबिज हैं। उनकी नेटवर्थ 407 बिलियन



डॉलर है। एलिसन की संपत्ति में इजाफा ओरेकल के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ है। मई में समाप्त हुए तिमाही में ओरेकल का नेट प्रॉफिट और रेवन्यू मार्केट के अनुमान के मुताबिक रहा है। जिसकी वजह कंपनी के शेयरों का भाव पहली बार 200 डॉलर को क्रॉस कर गया। जिसका फायदा एलिसन को भी मिला है। फॉर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ओरेकल के शेयरों की कीमतों में बुधवार को 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। कंपनी की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार अर्निंग पर शेयर 1.70 डॉलर पहुंच गया है। वहीं, सेल्स 15.9 बिलियन डॉलर रहा है।

**जेफ बेजोस कब बने थे दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति-** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 2017 में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनका नेटवर्थ 75.6 बिलियन डॉलर पहुंच गया था।

# पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड (कंपनी), जो विभिन्न क्षेत्रों के निर्माताओं के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक लाइनों और कस्टम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस का डिज़ाइन और निर्माण करती है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश सोमवार, 16 जून 2025 को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इस इश्यू के माध्यम से 69.61 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड के अनुसार) जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इस इश्यू के तहत कंपनी 58,00,800 इक्विटी शेयर 10 के फेस वैल्यू पर, प्राइस बैंड 114 से 120 प्रति शेयर के बीच जारी करेगी।

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा- नई विनिर्माण सुविधा की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ ऋणों का पुनर्भुगतान, और सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताएं।

इस इश्यू के लिए एंकर निवेश की प्रक्रिया 13 जून 2025 को खुलेगी और इश्यू 18 जून 2025 को बंद होगा।

पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनोज पाटिल ने कहा, इस पब्लिक ऑफरिंग के साथ हम अपनी विकास यात्रा में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य पटिल ऑटोमेशन को कस्टमाइज़्ड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स के अग्रणी प्रदाता के रूप में और मजबूत करना है। हमने उच्च गुणवत्ता वाले, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑटोमेशन सिस्टम लगातार डिलीवर कर देश के प्रमुख आइएमएस और कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स के साथ मजबूत साझेदारियाँ विकसित की हैं। आज हम 10 राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति और लगातार मिल रहे रिपीट ऑर्डर्स के माध्यम से अपने समाधान की विश्वसनीयता और ग्राहक प्रतिबद्धता को सिद्ध कर चुके हैं। यह आगामी आईपीओ हमारे दीर्घकालिक विज़न का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे प्राप्त पूंजी का उपयोग हम एक नई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की स्थापना के लिए करेंगे, जिससे हम विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन और डिफेंस सेगमेंट में बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे। साथ ही, यह हमारे भविष्य के विकास को वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा।

श्री गौतम लाठ, निदेशक, सीरीन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमें पाटील ऑटोमेशन लिमिटेड के आईपीओ में लीड मैनेजर के रूप में जुड़कर खुशी हो रही है। कंपनी ने औद्योगिक ऑटोमेशन क्षेत्र में ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए व्यावहारिक और कस्टमाइज्ड समाधान प्रदान करते हुए एक मजबूत पहचान बनाई है।

उद्योगों में बढ़ती दक्षता और तकनीक अपनाने पर जोर के साथ ऑटोमेशन की मांग लगातार बढ़ रही है। पाटील ऑटोमेशन अपनी वर्तमान क्षमताओं और अनुभव के साथ इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें विश्वास है कि इस आईपीओ से मिलने वाली राशि कंपनी को अपने विनिर्माण ढांचे के विस्तार और नए उभरते क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने में सहायता करेगी।

## 5 टुकड़ों में बंट जाएगा स्मॉल कैप स्टॉक, रिकॉर्ड डेट इसी महीने, कीमत 50 रुपये से कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक का भाव 50 रुपये से कम का है। आइए विस्तार से जानते हैं इस स्टॉक के विषय में -




**10 टुकड़ों में बांटा जाएगा-** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया गया है। 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर की फेस वैल्यू 5 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने 24 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन कंपनी के शेयरों का 5 हिस्सों में बंटवारा हो जाएगा।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा-** शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 21.40 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बीते एक महीने के दौरन कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों का भाव 12.22 नीचे गिरा है। सेंसेक्स इंडेक्स में इस दौरान 5.61 प्रतिशत की उछाल देखन को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 26.72 रुपये और 52 वीक लो लेवल 11.96 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 57.69 करोड़ रुपये का है। 2 साल

## आकाश भोपाल के ठाकुर आर्यमन सिंह की नीट यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 568

**भोपाल।** देशभर में परीक्षा की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि भोपाल शाखा के 5 छात्रों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष रैंक प्राप्त की है।

यह उत्कृष्ट उपलब्धि छात्रों की निष्ठा, शैक्षणिक अनुशासन और एइएसएल द्वारा प्रदान किए गए विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। भोपाल शाखा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र हैं- ठाकुर आर्यमन सिंह - ऑल इंडिया रैंक 568 विशिष्ठ यादव एआइआर 1709, आस्था चौधरी एआइआर 2519, अनुष्ठ सिंह एआइआर 2629, मनमीत कौर मोंगा एआइआर 2900, ये छात्र एइएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एइएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, स्पष्ट वैचारिक समझ और नियमित एवं अनुशासित अध्ययन पद्धति को दिया। छात्रों ने कहा-हम आकाश के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने हमारी इस यात्रा में हर कदम पर मार्गदर्शन किया। संगठित पाठ्यक्रम, विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम और व्यक्तिगत मेंटरशिप ने जटिल विषयों को समझना आसान बना दिया।

एइएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। एइएसएल के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. एच.आर. राव ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा- नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की उत्कृष्ट सफलता पर हमें अत्यधिक गर्व है। इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना कोई साधारण बात नहीं है, विशेष रूप से तब जब इसमें देशभर से लाखों छात्र भाग लेते हैं। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत और दृढ़ संकल्प का, बल्कि उनके अभिभावकों के सहयोग और हमारी अकादमिक टीम की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण हैं। हम इन सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# 800 प्रतिशत रिटर्न देने वाले स्टॉक को 5 हिस्सों में हो रहा बंटवारा

### 69.30 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जाएगा। कंपनी वारंट्स के जरिए 69.30 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। कंपनी ने ईजीएम आज 11 जुलाई 2025 को होगी। इसी में अप्रूवल किया जाएगा। आइए डीटेल्स में जानते हैं -

**5 हिस्सों में बंट रहा है स्टॉक** - केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। कंपनी ने अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। जल्द ही कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया जाएगा।

**2018 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर-** केलटॉन



टेक सॉल्यूशंस ने 2018 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था। 2021 में इस कंपनी ने बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 25 पैसे का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में बीता एक साल कैसा रहा है-** शुक्रवार को केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का भाव 2.57 प्रतिशत की गिरावट के बाद 130.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था बीते एक हफ्ते में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8.96 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 28 प्रतिशत का फायदा हुआ है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 5.61 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 184.30 रुपये और 52 वीक लो लेवल 95.05 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1274.51 करोड़ रुपये का है।

5 साल में केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों की कीमतों में 800 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 206 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

तलाक को लेकर

# बॉलीवुड के भाईजान ने बताया कड़वा सच



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने तलाक और रिश्तों को लेकर बात की है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। लेकिन शो से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान स्टेज पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अभिनेता ने आज के समय में आए दिन तलाक और रिश्तों में तकरार की खबरों को लेकर टिप्पणी की है।

### छोटी-छोटी बातों पर हो जाता है तलाक

सोशल मीडया पर वायरल हो रहे वीडियो में सलमान खान ने कहा, 'पहले लोग एक दूसरे के लिए त्याग करते थे और उन्हें समझते थे। अब रात को एक टांग आ जाती है तो उस पर तलाक हो जाता है। खर्राटे ले लेते हैं तो तलाक हो जाता है। छोटी-छोटी बातों पर लोग तलाक का फैसला ले लेते हैं। इतना ही नहीं, उसके बाद वो आधे पैसे लेकर भी चली जाती हैं।' अभिनेता के इतना कहने पर शो में मौजूद अर्चना पूरन सिंह नवजोत सिंह सिद्धू खूब ठहाके लगाते नजर आते हैं।

### नेटिजंस की आ रहीं प्रतिक्रियाएं

सलमान खान के इस वीडियो के वायरल होते ही इस पर सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शंस आने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा कि सिकंदर भाई ने करारा जवाब दिया है। वहीं एक यूजर ने बोला कि अभिनेता अपने करियर के शुरुआत से ही अपने विचारों को लेकर स्पष्ट रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी समझदार होने का दिखावा नहीं किया। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि सही है आजकल के विवाह और रिश्ते ऐसे ही हैं।

### कब आ रहा कपिल शर्मा शो का नया सीजन?

द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा का तीसरा सीजन 21 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। इस शो में इस बार सुनील ग्रोवर, कृष्णा, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू नजर आने वाले हैं।

# रजनीकांत की कुली में नजर आएंगे आमिर खान

बोले मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं





**सुपरस्टार** रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली में अब आमिर खान भी नजर आएंगे। आमिर ने खुद एक इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की है कि वह फिल्म में कैमियो कर रहे हैं और इसके पीछे की वजह है रजनीकांत के प्रति उनका जबरदस्त सम्मान और दीवानगी। जब एक फैन ने आमिर से कुली में उनके कैमियो को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने खुलकर जवाब दियाॐ मैंने इसे बहुत एन्जॉय किया। मैं रजनी सर का बहुत बड़ा फैन हूं... बेहद बड़ा। जब लोकेश (कनागराज) ने कहा कि यह रजनी सर की फिल्म है और उन्हें मेरे कैमियो की जरूरत है, मैंने कहाॐ हो गया!

स्क्रिप्ट नहीं सुनी, सिर्फ कहा कि जो भी रोल हो, मैं कर रहा हूं।

### फिल्म कुली में है धमाकेदार स्टारकास्ट

फिल्म 'कुली' एक तमिल एक्शन-थ्रिलर है जिसका निर्देशन लोकेश कनागराज कर रहे हैं और निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया जा रहा है। इस फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनके साथ नजर आएंगे नागार्जुन, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, सत्यराज और उपेंद्र जैसे बेहतरीन कलाकार। स्टारकास्ट की यह शानदार फेहरिस्त फिल्म को और भी खास बना रही है।

फिल्म का टीज़र पहले ही दर्शकों के बीच सनसनी मचा चुका है। इसमें रजनीकांत को एक फैक्ट्रीनुमा सेटअप में विलनों से लड़ते हुए दिखाया गया है। टीज़र को खास तौर पर मोनोक्रोम और गोल्ड टोन में दिखाया गया, जो इसकी स्टाइलिंग को अलग बनाता है। दर्शकों ने इस पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

### फिल्म का म्यूजिक और तकनीकी पक्ष भी दमदार

तकनीकी रूप से भी 'कुली' बेहद मजबूत नजर आ रही है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी का जिम्मा गिरीश गंगाधरन ने संभाला है और एडिटिंग फिलोमिन राज द्वारा की जा रही है।

### 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर आमिर का भावनात्मक पक्ष

हाल ही में आमिर खान ने बताया कि 'सितारे ज़मीन पर' को मिली ठंडी प्रतिक्रिया ने उन्हें भावनात्मक रूप से झकझोर दिया। इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने निर्देशक आर.एस. प्रसन्ना से फिल्म के लिए फरहान अख्तर को कास्ट करने की भी सिफारिश की थी। लाल सिंह चड्ढा के बाद मैं डिप्रेशन में चला गया था। वो झटका मेरे लिए बहुत बड़ा था क्योंकि मुझे खुद फिल्म पसंद आई थी।
मुझे लगा लोग भी पसंद करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आमिर खान और रजनीकांत जैसे दो दिग्गजों का एक साथ स्क्रीन पर आना दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। 'कुली' अब और भी ज्यादा चर्चित हो गई है और फिल्म प्रेमियों को इस मेगा प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

### इम्तियाज अली एक बार फिर करेंगे दिलजीत दोसांझ के साथ काम, अगले साल बैसाखी पर होगी फिल्म रिलीज



फिल्म निर्माता इम्तियाज अली अमर सिंह चमकीला के बाद एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ एक और फिल्म बनाने को तैयार हैं। फिल्म प्यार और लालसा की कहानी होगी और साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में दिलजीत के साथ नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी जैसे सितारे स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 से शुरू होगी और 2026 में बैसाखी पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने एक बयान में कहा- तुम मेरे पास होते हो गोया, जब कोई दूसरा नहीं होता - मोमिन। क्या वाकई प्यार खो सकता है? क्या किसी के दिल से घर छीना जा सकता है? अली ने बताया कि फिल्म बहुत बड़ा दिल रखती है। डायरेक्टर ने आगे कहा, इसका कैनवास बड़ा है, फिर भी यह बहुत निजी है। यह एक लड़के और लड़की की कहानी है, हमें उम्मीद है कि अगले साल आपके नजदीकी थिएटर में यह कहानी आपको काफी पसंद आएगी। फिल्म के बारे में अभी सारी बातों को गुप्त रखा गया है। यह पहली बार होगा जब दिलजीत, वेदांग और शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं, इम्तियाज, ए.आर. रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी एक बार फिर साथ में काम करेगी। इससे पहले भी तीनों ने रॉकस्टार, हाईवे, तमाशा, अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया है। फिल्म निर्माता और दिलजीत के साथ काम करने के बारे में बात करें तो, दोनों ने 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया था, यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म थी, जो कि संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित थी। इसका निर्देशन, निर्माण और सह-लेखन इम्तियाज अली ने किया।

# बेपरवाई के जरिए लोगों को मेरा मैसेज, दुनिया के लिए खुद को मत बदलो: जोनिता गांधी

**प्लेबैक** सिंगर जोनिता गांधी ने अपना नया गाना बेपरवाई रिलीज किया है। उन्होंने बात करते हुए इस गाने के बारे में विस्तार से बताया। सिंगर ने बताया कि यह गाना उस एहसास को दिखाता है जब इंसान बेफिक्र हो जाता है, उसे इसकी परवाह बिल्कुल भी नहीं होती कि दुनिया उसके बारे में क्या सोचती है। जोनिता गांधी ने बात करते हुए बताया कि उनका गाना बेपरवाई कैसे बना। उन्होंने कहा, इस गाने का विचार टोरंटो में एक म्यूजिक सेशन के दौरान आया था। उस दिन मेरा मूड कुछ ऐसा था, मैं दुनिया को लेकर थोड़ी निराशा और चिढ़ सी महसूस कर रही थी। मुझे लग रहा था कि हम कई बार दूसरों की राय



में उलझ जाते हैं, और खुद को भूल जाते हैं। फिर मेरे मन में ख्याल आया कि अब और नहीं, अब बेफिक्र होकर जीना है, बिना इस डर के कि लोग क्या कहेंगे। इसी सोच से गाने का कोरस बना, जो कहता है, अब मैं बस बेपरवाह हूं, मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि यह गाना मेरी पहचान से जुड़ा हो, ताकि सुनने वालों को लगे कि हां, ये एक जोनिता गांधी का गाना है। जोनिता गांधी ने आगे कहा, इस गाने को मैंने अपने अंदाज में गाया और पेश किया है। इसमें मैंने अपनी पहचान और गाने की खास स्टाइल को बनाए रखा, ताकि यह गाना भी बाकी उनके गानों की तरह ही लगे। गाने में भी मैंने सॉफ्ट टोन का इस्तेमाल किया, जैसे मैं हर गाने में करती हूं। इस गाने को बनाने में मेरे साथ म्यूजिक प्रोड्यूसर एरिजा ने काम किया। मैंने पहले भी उनके साथ कई बार काम किया है। उन्होंने गाने के म्यूजिक को इस तरह तैयार किया, जो हर एक शब्द के फील को बढ़ाता है। जोनिता ने बताया कि उनका गाना पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से बनाया गया है। इसमें कोई लाइव इंस्ट्रूमेंट, जैसे गिटार, तबला, ड्रम वगैरह इस्तेमाल नहीं किए गए हैं। इसमें म्यूजिक और बीट्स कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा, जहां तक मुझे पता है, इस गाने में कोई भी लाइव इंस्ट्रूमेंट का इस्तेमाल नहीं हुआ है।

# मेट्रो... इन दिनों में हर किसी को दिखेगा अपनी जिंदगी का अक्स

अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म की शामिल कहानियों से भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे। आदित्य का कहना है कि अगर लोग इस फिल्म से खुद को जोड़ पाते हैं और इसे पसंद करते हैं, तो यह फिल्म की सफलता होगी। साथ ही उन्होंने दावा किया कि लोगों को फिल्म में अपनी कहानी जरूर मिलेगी। मेट्रो... इन दिनों साल 2007 में आई फिल्म लाइफ इन ए... मेट्रो का सीक्वल है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था।



आईएएनएस को दिए इंटरव्यू के दौरान जब आदित्य से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म से क्या उम्मीदें हैं, तो उन्होंने कहा, सच कहूं तो, जब भी आप कोई फिल्म बनाते हैं, तो उम्मीद होती है कि सब लोग उसे पसंद करें और प्यार करें। लेकिन मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। आदित्य ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि लोग फिल्म को समझें और उससे अपने आप को जोड़ पाएं। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि लोग इन कहानियों से जुड़ पाएंगे। इस फिल्म की खास बात यह है कि हर किसी को कोई न कोई कहानी अपनी लगती है। फिल्म का टैगलाइन भी है- आपकी अपनी कहानी। एक्टर का दावा है कि हर किसी को फिल्म की किसी न किसी कहानी में अपनी जिंदगी का अक्स जरूर दिखेगा। आदित्य ने कहा, फिल्म में ऐसी कोई न कोई कहानी होगी, जिससे आप खुद को जोड़ पाएंगे। मैं बस उम्मीद करता हूं कि लोग फिल्म से जुड़ें और इसे पसंद करें।

# किताबों से नहीं, असली अभ्यास से बेहतर होती है एक्टिंग: सौंदर्या शर्मा




**हाउसफुल 5 की एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा का मानना है कि एक्टिंग सीखने का सबसे अच्छा तरीका है असलियत में एक्टिंग करना। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी किताबें पढ़ लो या बातें सुन लो, लेकिन अभिनय की समझ और कला सिर्फ अभ्यास से ही बेहतर होती है। सौंदर्या ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने थिएटर और सिनेमा, दोनों में काम किया है। साथ ही दोनों जगहों के अनुभव को साझा किया।**

सौंदर्या ने दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) में वर्कशॉप किया है। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका के लॉस एंजेलिस में ली स्ट्रासबर्ग थिएटर में पढ़ाई की और वहां एनवाईएफए से एक्टिंग का कोर्स भी किया है। उन्होंने कहा कि वह थिएटर और सिनेमा दोनों में अभी नई हैं। वह अभी भी सीख रही हैं कि इस इंडस्ट्री में काम कैसे होता है और चीजें कैसे चलती हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, थिएटर और सिनेमा पर काम करना अलग होता है। थिएटर में जब आप एक्टिंग करते हो, तो आपको स्टेज के आखिरी कतार में बैठे लोगों तक अपनी बात पहुंचानी होती है। वहां हर भावना, हर किरदार को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना होता है। उन्होंने आगे कहा, भावनाएं तो वही होती हैं, लेकिन उन्हें दिखाने का तरीका अलग होता है। हाउसफुल 5 पूरी तरह से अलग फिल्म है। इसमें ज्यादा अलग-अलग भावनाएं नहीं हैं। इसमें खुशी और मस्ती का माहौल रहता है जैसे रोजमर्रा की जिंदगी में होता है। लेकिन हां, जब मैं और काम करूंगी, तो बहुत कुछ सीख पाऊंगी। इंसान सिर्फ काम करके ही अच्छा बनता है। एक्टिंग सीखने से नहीं, बल्कि असलियत में करने से आती है और अभ्यास से बेहतर होती है। यह मेरी राय है। इंटरव्यू में सौंदर्या ने बताया था कि उनके लिए लाल परी का खिताब क्या मायने रखता है। उन्होंने अपने जवाब में कहा था, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई थी, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा था, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे।

-साभार एजेंसी

# कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन शंघाई फिल्म फेस्टिवल में पहुंची



फिल्म के निर्देशक कबीर खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक साल और चैंपियन अभी भी मजबूती से चल रहा है। चंदू चैंपियन को शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया और इसने दो पुरस्कार जीत लिए। कबीर खान निर्देशित फिल्म में कार्तिक आर्यन ने भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई थी, जिसने हाल ही में संपन्न न्यूयॉर्क इंडी फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि कार्तिक ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। यह बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा एक असाधारण व्यक्ति की कहानी है, जो अडिग दृढ़ संकल्प के साथ लगातार चुनौतियों का सामना करता है। उनकी भावना ऐतिहासिक उपलब्धि की राह पर ले जाती है। कबीर की बात करें तो उन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्मों में काम करके अपना करियर शुरू किया और फिर 2006 में एडवेंचर थ्रिलर काबुल एक्सप्रेस के साथ फीचर फिल्म निर्देशन में कदम रखा। उन्हें न्यूयॉर्क, एक था टाइगर, बजरंगी भाईजान और 83 के निर्देशन के लिए जाना जाता है। इस बीच, कार्तिक वर्तमान में अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग कर रहे हैं, जो 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में आने वाली है। करण जौहर ने 2 जून को अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें कार्तिक और अनन्या भारतीय पासपोर्ट के पीछे एक-दूसरे को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उन दोनों की यह जोड़ी साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो के बाद दर्शकों को देखने को मिलेगी। दोनों की आगामी फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमा घरों में आएगी।

# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड



एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, ''वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।''



### शोएब की भी गेंदों में रफ्तार थी

ब्रॉड जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, '' जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।''

### बुमराह का रनअप बेहद संतुलित

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, ''बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।''

### सभी मैच खेले तो ढेर सारे विकेट लेंगे

बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे।

### बुमराह सभी मैच खेले इंग्लैंड नहीं चाहेगा

ब्रॉड ने कहा, ''निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।'' बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है।

### टीम में बुमरहा से बड़ा कोई स्टार

ब्रॉड ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। वह किसी अन्य गेंदबाज की तुलना में बल्लेबाज के करीब एक फुट या उससे भी थोड़ा ज्यादा नजदीक से गेंद फेंकते हैं, इसलिए गेंद उनकी वास्तविक गति से भी ज्यादा तेज लगती है।''

## खबर संक्षेप



### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : रबाडा

लंदन। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।''

### सबालेंका ने टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी



बर्लिन। एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, ''यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।''उन्होंने कहा, मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया।

### इंटर काशी ने खेल पंचाट में अपील जीती

नई दिल्ली। इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था। इंटर काशी ने नामधारी एफसी पर 13 जनवरी को हुए मैच में 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने का आरोप लगाया था।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार से हेडिंग्ले में

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार, भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे

एजेंसी ▸▸| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

### शाह ने भी दिया समर्थन

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।''

### इंग्लैंड-भारत टेस्ट शुक्रवार से

इसमें कहा गया है, ''इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।'



### इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेले थे

आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।



### छोटे देश मेजबानी में दिलचस्पी नहीं लेते

रिपोर्ट के अनुसार, ''कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।''

### प्रतिदिन न्यूनतम 98 ओवर करने होंगे

इसमें कहा गया है, ''समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।''

### अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने बदलाव की जरूरत महसूस कराई

रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।'' हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## आईसीसी

# मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर



एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

- 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।


## टी20 के इतिहास में पहली बार परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला

# नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▸▸| ग्लासगो

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला।

माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।




नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया।

### नीदरलैंड को जीत के लिए चाहिए था एक रन

नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है।

### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

लंदन। ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, ''मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।'' पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रुण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया।

## भारतीय टीम दिग्गजों के बिना नए युग की शुरुआत कर रही

# गिल को सम्मान पाने इंग्लैंड में रन बनाने होंगे: कार्तिक

एजेंसी ▸▸| लंदन

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

भारतीय टीम रोहित शर्मा , विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत कर रही है। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी।



### गिल कप्तानी की भूमिका क्षेत्ररक्षण करते निभाए

कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा , '' मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ''

### गिल ने देश के लिए 32 टेस्ट खेले

पूर्व खिलाड़ी ने कहा , '' गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका , इंग्लैंड , न्यूजीलैंड , ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। 'गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

### गिल की किस्मत अच्छी, इंग्लैंड की गेंदबाजी मजबूत नहीं

एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। 'इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा , गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं।

### कोच के तौर पर गंभीर की रणनीति बेहतरीन

इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी , लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है।

# सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की होने जा रही है शादी?



नई दिल्ली, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन को लेकर एक खबर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि काव्या जल्द ही शादी करने जा रही हैं. उनके होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर हैं, जो फेमस म्यूजिक कंपोजर हैं. अब इस पर किसी और की नहीं बल्कि खुद अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसकी सच्चाई सबको बता दी है. काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक की बेटी हैं, जो आईपीएल के ऑक्शन से लेकर टीम के हर मैच में नजर आती हैं. 2024 की रनर-अप हैदराबाद इस बार लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी. काव्या की बात करें तो इंस्टाग्राम या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है. वह सिर्फ आईपीएल मैचों के दौरान ही नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दोनों को एक डिनर डेट पर देखा गया. कहा गया कि पिछले 1 साल से काव्या और अनिरुद्ध डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी करने जा रहे हैं.

